**महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

संख्या-73/1129/84-1-2013-1आय-व्ययक/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- निबंधक,
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
उ0प्र0 लखनऊ।

2- अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचि0 सत्कार सेवा सस्था,
उ0प्र0 लखनऊ।

3- नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

4- अधिशासी निदेशक,
उ0 प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
उ0प्र0 लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 29 अक्टूबर,2013

विषय- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक अनुमान उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-930/84-1-2013 दिनांक 10-09-2013 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक अनुमानों को बजट मैनुअल में निर्धारित समय से पूर्व उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। इसी क्रम में वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-बी-1-2166/दस-2013-12(2)/2014 दिनांक 24-10-2013 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश में दिये निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक अनुमानों संबंधी प्रस्ताव शासन को **प्रत्येक दशा में दिनांक 08-11-2013 तक** शासन को सी0डी0 सहित अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें। नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग एवं अधिशासी निदेशक उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था कृपया यह सुनिश्चित कर ले कि उनके पत्र क्रमश: दिनांक 10-10-2013 एवं 24-10-2013 द्वारा प्रेषित प्रस्ताव वित्त विभाग के उक्त शासनादेश के अनुरूप है यदि नही तो तदनुसार संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग वित्तीय वर्ष 2012-13 में कार्यमान प्रयोगशाला,द्वितीय प्रयोगशाला एवं कैलिबेशन टावर हेतु सर्मपित की गयी धनराशि का आयोजनागत पक्ष में प्रविधान हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। क़पया निबंधक राज्य आयोग भारत सरकार द्वारा अनुदानित धनराशि एवं निर्माण कार्यो हेतु धनराशि के प्रस्ताव भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न-यथोपरि।**

भवदीय

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://srisandesh.up.nic.in